भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4135**

जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-15 पर चार लेन सड़क**

4135. श्री रंजीत दत्ता:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वाहनों के निर्बाध आवागमन के लिए असम में जामुगुडीहाट से बिश्वनाथ चरियाली बाईपास के अंत तक राष्ट्रीय राजमार्ग सं.-15 के चार लेन के सड़क खंड को पूरा करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या विश्वनाथ बाईपास एनएच-15 पर तीन स्थानों पर, विशेषकर पभई रोड क्रासिंग प्वाइंट पर और विश्वनाथ चरियाली बाईपास के प्रारंभ और अंतिम स्थान पर फ्लाईओवर/वाहनों के लिए अंडरपास (वीयूपी) के निर्माण हेतु कोई कदम उठाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इन क्रासिंग प्वाइंट्स पर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही को विनियमित करने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) ईपीसी ठेकेदार द्वारा कार्य की खराब प्रगति के कारण, ईपीसी ठेकेदार के जोखिम और लागत पर शेष कार्य के लिए बोलियां आमंत्रित की गईं और इसके लिए एक नया ईपीसी ठेकेदार नियुक्त किया गया है। नए ठेकेदार द्वारा कार्य दिनांक 06.12.2024 को शुरू किया गया।

(ख) से (ग) पावोई जंक्शन के ग्रेड जंक्शन पर चार चरण (लेग) का निर्माण प्रस्तावित किया गया है। इसके साथ ही, बिश्वनाथ बाईपास रारा-15 के प्रारंभ और अंतिम बिंदु पर जंक्शन को ग्रेड जंक्शन के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव है। इसका निर्माण कार्य जल्द ही नव नियुक्त ठेकेदार मैसर्स गणपति भारत प्राइवेट लिमिटेड द्वारा शुरू किया जाएगा।

*****